Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding death of workers working in Sasamusa chimney mill

श्री जनक राम (गोपालगंज) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र गोपालगंज में हुई एक दुर्घटना की ओर सरकार का ध्यान आकृऐट करना चाहता हूं। गोपालगंज जिले के अंतर्गत सासामूसा चिमनी मिल है। वहां आज की चिमनी मिल का बॉयलर फटने से कर्मचारियों और मजदूरों को मिलाकर लगभग दस लोगों की मृत्यु हो गई है। हम आपके माध्यम से इस दुर्घटना की जांच की मांग करते हैं कि गोपालगंज जिले के सासामूसा चिमनी मिल मालिक और जी.एम. की लापरवाही की वजह से दस कर्मचारियों की जो निर्मम हत्या की गई है, उनके ऊपर दफा 302 का मुकदमा दर्ज कर मिल मालिकों की तरफ से मृतक परिवारों को बीस-बीस लाख रुपये का मुआवजा देने की मांग करता हूं। धन्यवाद।